# राजस्थान सरकार
## ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
### सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसाइटी(SSAAT)
कमरा नं. 8320, एस.एस.ओ. बिल्डिंग, शासन सचिवालय, जयपुर

**email Id: dir.socialaudit@rajasthan.gov.in & Phone No.** 0141.2227033


**क्रमांकः** एफ 61(350)SSAAT/लोकपाल चयन/2024 पार्ट–7/ जयपुर, दिनांक

जिला कलेक्टर एवं
जिला कार्यक्रम समन्वयक (ईजीएस),
अजमेर, अलवर, करौली एवं टोंक।

विषयः– महात्मा गांधी नरेगा योजना अन्तर्गत लोकपाल पद हेतु अंतिम तिथि 22.09.2025 से बढाकर दिनांक 26.09.2025 की गई है व प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरान्त पात्र आवदेन पत्र भिजवाये जाने के संबंध में।

संदर्भः– इस विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति राजकाज नं. 17291613 दिनांक 21.08.2025, एवं संशोधित विज्ञप्ति राजकाज नं 17895391 दिनांक 19.09.2025 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देश दिनांक 20.03.2023 के अन्तर्गत महात्मा गांधी नरेगा योजना के क्रियान्वयन के संबंध में प्राप्त होने वाली विभिन्न शिकायतों एवं अभाव अभियोग के निराकरण आदि की प्रभावी प्रणाली विकसित करने के लिए विभाग द्वारा दिनांक 21.08.2025 को विज्ञप्ति जारी कर अजमेर, अलवर, करौली एवं टोंक जिले में लोकपाल पद हेतु योग्य आवेदकों से दिनांक 22.09.2025 तक आपके कार्यालय के माध्यम से आवेदन पत्र चाहे गये थे।

**सोसायटी कार्यालय संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 19.09.2025 जारी कर आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22.09.2025 से बढाकर दिनांक 26.09.2025 की गई है।** इस क्रम में आपके कार्यालय में दिनांक 26.09.2025 तक प्राप्त आवेदन पत्रों का आपके कार्यालय स्तर से परीक्षण उपरांत विज्ञप्ति मे दी गई शर्तो के अनुसार **प्रपत्र " भाग य "** की पूर्ति कर केवल पात्र आवेदको के आवेदन पत्र इस कार्यालय को अग्रेषित कर भिजवाया जाना है। पात्र आवेदकों के आवेदन पत्र निर्धारित तिथि 08.10.2025 तक निदेशक, सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी (SSAAT), कमरा न. 8232, उत्तर पश्चिम भवन, शासन सचिवालय, जयपुर को डाक अथवा व्यक्तिशः भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें। कृपया ध्यान रखे कि आपके कार्यालय स्तर से निर्धारित तिथि उपरांत भिजवाये गये आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।

**संलग्नः–**

1. विज्ञप्ति क्रमांक 17291613 दिनांक 21.08.2025
2. संशोधित विज्ञप्ति राजकाज नं 17895391 दिनांक 19.09.2025
3. भारत सरकार गाईडलाईन 20.03.2023

**(सांवर मल वर्मा)**
**निदेशक,**
**सामाजिक लेखा परीक्षा जवाबदेही एवं**
**पारदर्शिता सोसायटी (SSAAT)**

क्रमांकः एफ 61(350)SSAAT/लोकपाल चयन/2024 पार्ट–7 जयपुर, दिनांकः

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है** :–

अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद (ईजीएस), अजमेर, अलवर, करौली एवं टोंक. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

Certification signature by SANWAR MAL VERMA <vermasanwars@yahoo.co.in>, Validity Unknown

निदेशक

Digitally Signed by Sanwar Mal Verma
Designation : Director
Date :23-09-2025 05:58:18

C:\DARAB SINGH\DARAB SINGH\SSAAT\LOKPAL\04 dis Lokpal ajmer alwar tonk karoli OK
2025.docx

RajKaj Ref No.: 17944472

eSign DSC